aglasem.com

FOR MP CLASS 10 PREPARATION

MP Board Class 10 Sample Paper 2027 Hindi

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
MP Class 10	2027	Sample Paper	Hindi

केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र
Sample Question Paper for Practice only
हाईस्कूल परीक्षा – 2027
High School Examination-2027
विषय - हिन्दी
Subject - Hindi

Total Question	Total Printed Pages	Time	Maximum Marks
23	5	3 hours	75

निर्देश :-

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं ।
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं ।
v. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं ।
vi. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं ।
vii. प्रश्न क्रमांक 18 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।

---

1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए - **(1x6=6)**

i. हिन्दी पद्य साहित्य का प्रथम काल है –
(अ) आधुनिक काल (ब) भक्तिकाल (स) रीतिकाल (द) आदिकाल

ii. आपकी पाठ्यपुस्तक में 'फागुन की मादकता' को प्रकट करने वाली कविता है –
(अ) उत्साह (ब) अट नहीं रही है (स) फसल (द) संगतकार

iii. हिन्दी साहित्य में मुख्य रूप से काव्य के भेद हैं -
(अ) तीन (ब) चार (स) दो (द) पाँच

iv. हालदार साहब के चेहरे पर मुसकान फैल गई –
(अ) कौतुक भरी (ब) शरारत भरी (स) दर्द भरी (द) छल भरी

v. एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्द कहलाते हैं –
(अ) अनेकार्थी शब्द (ब) एकार्थी शब्द (स) विलोम शब्द (द) तत्सम शब्द

vi. 'माता का अँचल' पाठ में भोलानाथ के पिता आटे की गोलियाँ खिलाते थे –
(अ) गाय को (ब) चिड़ियों को (स) बतख को (द) मछलियों को

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – **(1x6=6)**

i. गोपियों के अनुसार श्रीकृष्ण ने मथुरा जाकर ----------पढ़ ली है । (राजनीति/युद्धनीति)

ii. शृंगार, करुण और शांत रसों में ----------गुण पाया जाता है । (प्रसाद/माधुर्य)

iii. जीवन की किसी एक घटना का पूर्णता के साथ चित्रण ----------में होता है । (खण्डकाव्य/महाकाव्य)

iv. बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ ----------मास आते ही शुरू हो जाती थीं । (कार्तिक/फागुन)

v. दो निकटतम स्वरों के आपस के मिलने पर जो परिवर्तन होता है उसे----------सन्धि कहते हैं । (स्वर/व्यंजन)

vi. रहस्यमयी तारों भरी रात लेखिका मधु कांकरिया के मन में ----------जगा रही है । (चेतना/सम्मोहन)

3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – **(1x6=6)**

i. परशुराम ने अपने फरसे से सहस्त्रबाहु की भुजाओं को काटा था ।

ii. दोहा छन्द के सम चरणों में 13-13 मात्राएँ होती हैं ।

iii. गद्य की सबसे लोकप्रिय विधा कहानी है ।

iv. 'लखनवी अंदाज़' पाठ में नवाब साहब कानपुर के रहने वाले थे ।

v. 'क्या मेरा भाई आपसे मिला?' आज्ञावाचक वाक्य का उदाहरण है ।

vi. लेखक अज्ञेय अपनी भीतरी विवशता को लिखकर पहचानता है ।

4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – **(1x6=6)**

	स्तम्भ (अ)	**स्तम्भ (ब)**
i	तान	(क) उद्दीपन
ii	बोकु	(ख) अभिधा
iii	भदंत आनंद कौसल्यायन	(ग) अत्यधिक प्रसन्न होना
iv	भावों को बढ़ाने वाले पदार्थ	(घ) सिक्किम परिधान
v	शब्द की प्रथम शक्ति	(च) संगीत में स्वर का विस्तार
vi	मन वृन्दावन होना	(छ) हरनामदास

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – **(1x6=6)**

i. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में कमल तालाब को छोड़कर कहाँ खिला ?

ii विभाव के दो भेदों के नाम लिखिए ?

iii. बिस्मिल्ला खाँ (अमीरुद्दीन) की पंसदीदा हिरोइन का नाम क्या था ?

iv. किस समास में पहला पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य होता है ?

v. 'माता का अँचल' पाठ में भोलानाथ को कौन-सी शरारत महँगी पड़ी है ?

vi. 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ में लेखक ने किस देश की यात्रा का वर्णन किया है ?

6. रीतिकालीन कवियों ने शृंगार रस को ही अपनी रचनाओं का प्रमुख विषय क्यों बना दिया है ? कारण सहित लिखिए। **(2)**

7. नागार्जुन की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(2)**

   i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष

8. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ? **(2)**

9. कवि नागार्जुन के अनुसार फसल क्या है? **(2)**

10. चौपाई छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । **(2)**

11. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है? पहचान कर उसका नाम लिखिए – **(2)**

   i. "पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु "

   ii. "तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
   मृतक में भी डाल देगी जान ।"

   iii. "कहीं साँस लेते हो घर घर भर देते हो ।"

   iv. "थकी सोई है मेरी मौन व्यथा"

12. नाटक और एकांकी में कोई-दो अन्तर लिखिए । **(2)**

13. यशपाल की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(2)**

   i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली

14. 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक यशपाल ने यात्रा करने के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा होगा? **(2)**

15. शीला अग्रवाल किस विषय की प्राध्यापिका थी ? लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व पर उनका क्या प्रभाव पड़ा ? **(2)**

16. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों में से क्रिया विशेषण का प्रकार पहचान कर उसका नाम लिखिए – **(2)**

   i. हिरण <u>तेज</u> भागता है ।

   ii. मेरे घर के <u>सामने</u> एक मन्दिर है ।

17. गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा जाता है ? **(2)**

18. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - **(3)**

   बादल, गरजो!
   विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
   विश्व के निदाघ के सकल जन,
   आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन !
   तप्त धरा, जल से फिर शीतल कर दो-
   बादल, गरजो !

अथवा

उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की।
अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की।
मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया।
आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया।

19. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – **(3)**

आसाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है। कहीं हल चल रहे हैं; कहीं रोपनी हो रही है। धान के पानी भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं। औरतें कलेवा लेकर मेंड़ पर बैठी हैं। आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं। ठंडी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर तरंग झंकार-सी कर उठी। यह क्या है यह कौन है! यह पूछना न पड़ेगा।

अथवा

यश-कामना बल्कि कहूँ कि यश-लिप्सा, पिताजी की सबसे बड़ी दुर्बलता थी और उनके जीवन की धुरी था यह सिद्धांत कि व्यक्ति को कुछ विशिष्ट बन कर जीना चाहिए... कुछ ऐसे काम करने चाहिए कि समाज में उसका नाम हो, सम्मान हो, प्रतिष्ठा हो, वर्चस्व हो। इसके चलते ही मैं दो-एक बार उनके कोप से बच गई थी। एक बार कॉलिज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिता जी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ?

20. अपने जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट के प्रयोग का सन्देश देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **(3)**

अथवा

ग्रीष्मकालीन अवकाश को बिताने से सम्बन्ध दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए ।

21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश **अथवा** गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(4)**

मैं तो मृत्रिका हूँ –
जब तुम मुझे पैरों से रौंदते हो
तथा हल के फाल से विदीर्ण करते हो
तब मैं धन-धान्य बनकर मातृरूपा हो जाती हूँ ।
जब तुम मुझे हाथों से स्पर्श करते हो
तथा चाक पर चढ़ाकर घुमाने लगते हो
तब मैं - कुम्भ और कलश बनकर
जल लाती तुम्हारी अतरंग प्रिया हो जाती हूँ ।
जब तुम मुझे मेले में मेरे खिलौने रूप पर
आकर्षित होकर मचलने लगते हो
तब मैं – तुम्हारे शिशु हाथों में पहुँच प्रजारूपा हो जाती हूँ ।
पर जब भी तुम अपने पुरुषार्थ – पराजित स्वत्व से मुझे पुकारते हो
तब मैं – अपने ग्राम्य देवत्व के साथ चिन्मयी शक्ति हो जाती हूँ ।

प्रश्न – i. उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

ii. मिट्टी मातृरूपा बनने से पहले क्या-क्या कष्ट सहती है?

iii. मिट्टी का प्रिया रूप क्या माना है ?

iv. सबसे बड़ा देवत्व किसे माना है ?

अथवा

मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार-शक्ति। मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सुविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव-सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सुविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुद्धि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवी साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचार-शक्ति, जो उसे पशु बनने से रोकती है, उसका साथ देती है।

प्रश्न – i. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

ii. मनुष्य के विचारों की अमूल्य पूँजी में क्या-क्या शामिल है ?

iii. आज मनुष्य ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना कैसे की है ?

iv. मनुष्य में पाशविक प्रवृतियाँ क्यों जागृत होती है ?

22. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को आवेदन - पत्र लिखिए । **(4)**

अथवा

जिले की फुटबॉल में कप्तान के रूप में चयनित होने पर अपने बड़े भाई को बधाई पत्र लिखिए ।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – **(4)**

i. मेरे सपनों का भारत

ii. प्रदूषण नियंत्रण : कारण एवं निदान

iii. मानव जीवन की प्रगति में कम्प्यूटर की भूमिका

iv. पुस्तकालय का महत्त्व

v. स्वच्छ भारत अभियान

----------**000**----------